लखनऊ, 29 अप्रैल 2017 दैनिक जागरण | 1

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का काम फिर शुरू

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** योगी सरकार ने भले ही अखिलेश सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के लिए खरीदी गई जमीनों के बैनामों की जांच का आदेश दिया हो लेकिन उसने समाजवादी सरकार की ओर से शुरू की गई के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए भूमि अर्जन प्रक्रिया को हरी झंडी दिखा दी है। सरकार का इशारा मिलते ही पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिए जमीन खरीदने का रुका हुआ काम फिर चालू हो गया है। हालांकि इस परियोजना के लिए भूमि अर्जित करने की प्रक्रिया में शासन फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को प्रदेश के पूर्वी हिस्से तक बढ़ाने के मकसद से अखिलेश सरकार ने समाजवादी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना शुरू की थी। शुरुआत में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को लखनऊ से बलिया तक जोड़ने की योजना थी लेकिन बाद में इसे लखनऊ से गाजीपुर तक सीमित कर दिया गया। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिए 31 दिसंबर 2016 तक 1476 हेक्टेयर जमीन अर्जित की जा चुकी थी। विधानसभा चुनाव के कारण परियोजना के लिए भूमि अर्जन का काम रुक गया था। सूबे में निजाम बदलने के बाद परियोजना के भविष्य को लेकर आशंकाएं जतायी जा रही थीं लेकिन योगी सरकार ने इस परियोजना को जारी रखने का फैसला किया है। लिहाजा परियोजना के लिए जमीन खरीदने की प्रक्रिया दोबारा शुरू हो गई है। इस परियोजना के लिए कुल 4783.15 हेक्टेयर जमीन अर्जित की जानी है। परियोजना की अनुमानित लागत 19 हजार करोड़ रुपये है। यूपीडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि विधानसभा चुनाव के कारण जमीन खरीदने की जो प्रक्रिया रोक दी गई थी, वह अब शुरू हो गई है। विधानसभा चुनाव की आचा[र] संहिता लागू होने से पहले लक्ष्य की तकरीबन 30 फीसद जमीन अर्जित की जा चुकी थी। वहीं बीते 15 दिनों के दौरान लगभग 10 फीसद जमीन और खरीदी जा चुकी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मानक के अनुसार एक्सप्रेसवे परियोजना शुरू करने के लिए 90 फीसद जमीन अर्जित होनी चाहिए।



## मिली अनुमति

- नए निजाम से हरी झंडी दिखाए जाने के बाद भूमि अर्जन की प्रक्रिया फिर चालू
- दो मई को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होगी सचिव समिति की बैठक

मुख्य कार्यपालक अधिकारी

महोदय,

पूर्वान्चल एक्सप्रेस के सम्बन्ध में प्रकाशित समाचार की clippings महोदय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है

29/4/17
PRO

PRO

(अवनीश कुमार अवस्थी)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी
उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक
विकास प्राधिकरण (यूपीडा)